नव भारत
1934 से
ग्वालियर 31 वां वर्ष संस्करण

# लाड़ली बहनों को दी दीवाली गिफ्ट

- बहनों के खातों में 1541 करोड़ रुपए ट्रांसफर
- श्योपुर में डॉ. मोहन यादव ने किया रोड शो

कुनाल सिंह जादौन

**श्योपुर, 12 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहनों को दीवाली उपहार देते हुए उनके खाते में 1541 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक के माध्यम से ट्रांसफर किए. एक करोड़ 27 लाख महिलाओं के लिए यह 29वीं किस्त है. इसके अलावा, सीएम ने 532 करोड़ 39 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया.**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि चीता प्रोजेक्ट हर जगह फेल हुआ है, लेकिन श्योपुर में सफल रहा है. दिवाली के बाद लाड़ली बहनों के लिए डेढ़ हजार रुपए महीना चालू हो जाएगा. भाजपा सरकार में 32 मेडिकल कॉलेज बने हैं. सिर्फ एक साल में 8 मेडिकल कॉलेज खुले हैं. जल्द ही, नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज श्योपुर में बनाए जाएंगे. इससे पहले, सीएम ने रोड शो किया. इस दौरान नगरपालिका कार्यालय पर लोगों ने उन्हें गदा भेंट की. (विस्तृत खबर पेज 4 पर)

## बीजेपी को मजबूत करने में राजमाता की अहम भूमिका

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका सशक्त, सुरक्षित और



समृद्ध भारत का सपना आत्मनिर्भर भारत के जरिये साकार होगा. उन्होंने कहा कि राजमाता ने जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई और उनके आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत हैं. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन. समाज सेवा के उनके प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा. उन्होंने जनसंघ और भाजपा को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### मुख्यमंत्री ने राजमाता विजयाराजे को अर्पित की पुष्पांजलि

**ग्वालियर.** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया की 106वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की. मुख्यमंत्री का शाम को राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल पर आगमन हुआ. टर्मिनल परिसर में स्थापित स्व. राजमाता सिंधियाकी प्रतिमा पर मुख्यमंत्री ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया.

# एनडीए में सीट बंटवारा फाइनल

**101** सीटों पर लड़ेगी चुनाव बीजेपी | **101** सीटों पर जेडीयू | **29** सीटें चिराग की लोकजन शक्ति को

**पटना 12 अक्टूबर. लंबे खींचतान के बाद आखिरकार एनडीए में सीटों का बंटवारा हो गया है. सीट बंटवारे के तहत इस बार जदयू और बीजेपी के बराबर सीटों मिली है. इस बात की जानकारी बीजेपी नेचा धर्मेंद्र प्रधान और जदयू नेता संजय झा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके दी.**

सीट बंटवारे के तहत इस बार जदयू और बीजेपी 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली है. वहीं चिराग पासवान की पार्टी को सीटों पर चुनाव लड़ेगी. इसके अलावा जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को 6-6 सीट दी गई हैं.

सीट बंटवारे में सबसे अधिक 14 सीटें जदयू को छोड़नी पड़ी है.



भाजपा की नौ और हम की एक सीट गई.

जदयू नेता संजय झा ने सीट शेयरिंग के बारे में जानकारी देते हुए लिखा हम एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया है. एनडीए के सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता साथी इसका हर्ष के साथ स्वागत करते हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रचंड बहुमत के साथ फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पित एवं एकजुट हैं. बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार.

### बिहार चुनाव पर दिल्ली में बीजेपी सीईसी की बैठक

**नई दिल्ली.** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली बीजेपी ऑफिस में केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक हुई. बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी मौजूद हैं. बैठक में भाजपा के तमाम बड़े चेहरे उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुई.

# अफगानिस्तान ने 58 पाकिस्तानी जवान मारे

## 20 पाकिस्तानी सुरक्षा चौकियां नष्ट

**काबुल, 12 अक्टूबर (वार्ता) अफगानिस्तान के डूरंड रेखा पर रातभर चले अफगान सैन्य कार्रवाई में 58 पाकिस्तान के जवान मारे गए हैं. अफगानिस्तान इस्लामिक अमीरात की सेनाओं ने शनिवार रात विवादित डूरंड रेखा के पास कई अफगान प्रांतों में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की.**



अफगानिस्तान इस्लामिक अमीरात के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि डूरंड रेखा के पार जवाबी कार्रवाई के दौरान 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए. अभियान के दौरान कई हथियार भी जब्त किए गए है. उन्होंने कहा कि जवाबी कार्रवाई डूरंड रेखा के पार चलाई गई. इस दौरान कई हथियार भी अस्थायी रूप से जब्त किए गए हैं. अभियान के दौरान नौ अफगान सैनिकों की मौत हो गई हैं और 16 घायल हुए हैं, जबकि 20 पाकिस्तानी सुरक्षा चौकियां नष्ट की गई हैं.

प्रवक्ता ने कहा कि कतर और सऊदी अरब के अनुरोध पर अभियान को आधी रात में रोक दिया गया.

# फिनिशड दवाओं में डीईजी और ईजी टेस्ट अनिवार्य

**नई दिल्ली 12 अक्टूबर. जहरीले कफ सिरप के मामले ने देशभर में स्वास्थ्य सुरक्षा पर चेतावनी की घंटी बजा दी. अब इस गंभीर संकट को देखते हुए बड़ा और निर्णायक कदम उठाया गया है.**

एमपी के ड्रग कंट्रोलर दिनेश श्रीवास्तव के सुझाव पर संज्ञान लेते हुए भारत सरकार ने निर्णय लिया कि डीईजी और ईजी को रॉ मटेरियल और फिनिश्ड प्रोडक्ट्स दोनों में जांचने की अनिवार्यता बनाई जाए. यह कदम दवा निर्माण और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है.

फिनिश्ड प्रोडक्ट्स में डीईजी (डायथिलीन ग्लाइकॉल) और ईजी की जांच अनिवार्य कर दी गई है. इस संबंध में मध्य प्रदेश के ड्रग कंट्रोलर ने केंद्र सरकार को सिफारिश दी थी.

> दिनेश श्रीवास्तव ने कहा कि उन्होंने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर इंडियन फार्माकोपिया के जनरल मोनोग्राफ में डीईजी और ईजी की जांच को शामिल करने का सुझाव दिया था. उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम न केवल सुरक्षित दवा निर्माण सुनिश्चित करेगा.

# कफ सिरप निर्माताओं की करें सघन जांच

- कार्रवाई के लिए तमिलनाडु सरकार से सतत संपर्क में रहें
- खाद्य एवं औषधि प्रशासन व्यवस्था की समीक्षा

**भोपाल, 12 अक्टूबर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निवास कार्यालय भोपाल में खाद्य एवं औषधि प्रशासन व्यवस्था की वृहद समीक्षा की. उन्होंने छिंदवाड़ा की दुखद घटना पर की जा रही कार्रवाई की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि तमिलनाडु शासन एवं प्रशासन से सतत संपर्क में रहकर दोषियों सख्त कार्रवाई चिन्हांकन सुनिश्चित करें.**



> जिससे दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित हो. साथ ही अन्य ड्रग मैन्युफैक्चरर सजग हों और नियमों की अनुपालना सुनिश्चित हो. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने व्यापक पैमाने पर अभियान चलाकर सीडीएससीओ के साथ संयुक्त रूप से मध्यप्रदेश के कफ सिरप निर्माताओं की सघन जांच के निर्देश दिए हैं.

उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर अपराध है, जिसमें मध्यप्रदेश ने अपने अनमोल चिरागों को खोया है. इस घटना में लिप्त निजी कंपनी के कर्मचारियों के साथ-साथ ऐसे अधिकारी, जिन्होंने जांच में कोताही बरती है, उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि घटना में तथ्यात्मक और प्रक्रियात्मक त्रुटियों को स्पष्ट करते हुए संबंधित अधिकारियों की भूमिका का स्पष्ट चिन्हांकन कर तमिलनाडु शासन को पत्राचार कर अवगत कराया जाए. उन्होंने कहा कि इस मामले में कठोर कार्रवाई नितांत आवश्यक है.

